आज

रांची, १४ मार्च, २०१९

इक्फाई विवि में पेरेंट्स-टीचर्स मीट का आयोजन

रांची। इक्फाई विवि झारखंड में पेरेंट्स-टीचर्स मीट का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, संकाय सदस्यों और विश्वविद्यालय के छात्रों के माता-पिता और अभिभावकों ने भाग लिया। मीट के दौरान विवि में पढ़ाई, अनुशासन और अन्य शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मान्यता के पुरस्कार प्रदान किए गए। कुलपति प्रो.ओआरएस.राव ने विवि में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए विवि द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अब तक 22 छात्रों को प्लेसमेंट ऑफर और उच्चतम वेतन पैकेज प्राप्त हुआ जो अब तक प्रति वर्ष 10 लाख रूपए था। विवि के रजिस्ट्रार डा.बीएम.सिंह ने अपने संबोधन व्यक्त किए।

दैनिक भास्कर
रांची, गुरुवार 14 मार्च, 2019
city भास्कर
RANCHI, THURSDAY, 14/03/2019 . 2

इक्फाई विवि : प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स को सम्मान

रांची | इक्फाई विश्वविद्यालय में पैरेंट्स-टीचर्स मीट हुई। इसमें स्टूडेंट्स, संकाय सदस्यों और बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। मीट के दौरान विवि में अच्छी पढ़ाई, अनुशासन और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओआरएस राव ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन परीक्षाओं का संचालन, ऑनलाइन उपस्थिति निगरानी तथा अनुपस्थिति पर अभिभावकों को स्वचालित वॉयस कॉल जैसे प्रौद्योगिकी के उदाहरण दिए। कहा, अब तक, 22 स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट ऑफर और उच्चतम वेतन पैकेज प्राप्त हुआ है। विवि के रजिस्ट्रार डॉ. बीएम सिंह ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई में अधिक रुचि लें, सही मार्ग-दर्शन भी करें।

गुरुवार, 14 मार्च 2019
हिन्दुस्तान
20

इक्फाई विवि में उत्कृष्ट विद्यार्थी किये गये पुरस्कृत

इक्फाई विश्वविद्यालय में बुधवार को बैठक के दौरान कुलपति व अन्य। • हिन्दुस्तान

रांची | प्रमुख संवाददाता

इक्फाई विश्वविद्यालय में बुधवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और अभिभावकों ने भाग लिया। साथ ही, शिक्षण, अनुशासन और अन्य शैक्षणिक और पाठ्येत्तर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कुलपति प्रो ओआरएस राव ने अभिभावकों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए विश्वविद्यालय की ओर उठाए गए कदमों के बारे में बताया। उन्होंने ऑनलाइन परीक्षाओं का संचालन, ऑनलाइन उपस्थिति निगरानी व अनुपस्थिति पर अभिभावकों को स्वचालित वॉयस कॉल जैसे प्रौद्योगिकी के बारे में बताया। कैंपस प्लेसमेंट की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि अब तक 22 छात्रों को प्लेसमेंट ऑफर और उच्चतम वेतन पैकेज प्राप्त हुआ, जो प्रति वर्ष 10 लाख रुपए था।

रजिस्ट्रार डॉ बीएम सिंह ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई में अधिक रुचि लें, क्योंकि छात्रों का पालन-पोषण माता-पिता और विश्वविद्यालय के बीच एक संयुक्त प्रयास है।